# निवेश प्रोत्साहन के लिए स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन बनाएं : पनगढ़िया



लखनऊ। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन बनाने सहित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

**नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने सीएम से की मुलाकात**

उन्होंने निवेश प्रोत्साहन और रोजगार वृद्धि के लिए निर्यात पर फोकस होकर काम किए जाने का सुझाव दिया। साथ ही प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों को स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन के रूप में चिह्नित कर प्रोत्साहन देने पर जोर दिया। बुंदेलखंड, पश्चिमी यूपी तथा मध्यांचल/ पूर्वांचल का अलग-अलग इन्वेस्टमेंट रीजन बनाने की बात कही। इस मौके पर मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे। ब्यूरो